राज्य के सभी प्राथमिक स्तर की शालाओं में यह व्यवस्था हो कि प्रत्येक बच्चे को अपनी गति एवं स्तर से सीखने और मूल्यांकन का अवसर मिले।

एम.जी.एम.एल. के एडेप्ट्स के अनुसार मेरी शाला का ग्रेडेशन

क्र.	एडेप्ट्स के प्राप्तांक (कुल 390 में से)	प्रतिशत	विस्तार	ग्रेड
1.	97	25%	0 से 97 तक	डी
2.	195	50%	98 से 195 तक	सी
3.	292	75%	196 से 292 तक	बी
4.	351	75% से 90% तक	293 से 351 तक	ए
5.	351 से अधिक	90% से अधिक	351 से अधिक	ए +

unicef

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

MGML
सृजन

अवलोकन संदर्शिका

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़

गीत

ज्ञान के इस पुण्य पथ पर,
नव सृजन का साथ हो।

हम बढ़े सबको बढ़ायें,
ऐसा दृढ़ विश्वास हो।

जन्म भूमि के लिए हम,
कुछ ऐसा कर चलें।

शारदे के कमल रज में ,
जी चलें या मर चलें।

खुद बढ़ें सबको बढ़ायें, ऐसा साथी साथ हो। ज्ञान के इस .....

समय कैसे बीत जाये,
कुछ समझ न आयेगा।

पायेगा न कुछ ओ राही,
बाद में पछतायेगा।

ज्ञान के दीपक जला तू, जग में तेरा नाम हो। ज्ञान के इस ....

मन में हो जो इच्छा शक्ति,
ओ सफल हो जाएगा।

असमर्थ हो कोई कितना,
मेरू पर चढ़ जाएगा।

सृजन कर सबको पढ़ा दे, ज्ञान ज्योति मशाल को।
ज्ञान के इस पुण्य पथ पर,नव सृजन का साथ हो।

– नेमसिंह कौशिक

गीत

सहभागिता के मूल मंत्र को, जन-जन जब अपनाता है।
धीरे-धीरे गाँव हमारा, आगे बढ़ता जाता है।।

समुदाय का हित हो, नगर ग्राम सब साथ चले।
ऊँच -नीच का भाव मिटाकर, समता से सद्भाव बढ़े।
एकता का भाव मन में, एक हमारा नाता है।।1।। धीरे धीरे .....

ऊपर दिखते भेद भले हों, ज्यों बगिया में फूल खिले।
रंग बिरंगी मुस्कानों संग, जीवन-रस पर एक मिले।
कर्म पथ पर आज सथियों, ज्ञान तुम्हें बुलाता है।।2।। धीरे
धीरे .....

मिलजुलकर सब काम करेंगे, समुदाय की रीति यही।
बच्चा-बच्चा पढ़ लिख जाये, हो गाँव की नीति यही।
शिक्षा ही वह ज्योति पुँज है, जो उजियार दिखाता है।
शिक्षा ही वह ज्योति पुँज है, नया राह दिखाता है।।3।। धीरे धीरे .....

हर व्यक्ति शिक्षक हो और, घर-घर शिक्षा केन्द्र बनें।
लक्ष्य हमारा एक यही, शाला सामुदायिक केन्द्र बनें।
लिखने नव उत्थान की गाथा, समुदाय जाग जाता है।।4।।
धीरे धीरे .....

लखेश्वर प्रसाद साहू

सृजन अवलोकन संदर्शिका

बहुकक्षा एवं बहुस्तरीय शिक्षण

अवलोकन हस्त–पुस्तिका

वर्ष

2010–2011

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शंकर नगर,
रायपुर (छ.ग.)

संरक्षण एवं मार्गदर्शन	–	**सुधीर अगवाल** (आई.एफ.एस.), विशेष सचिव छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग संचालक एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर (छ.ग.)
सहयोग	–	एन.पी. कौशिक, संयुक्त संचालक एस.सी.ई.आर.टी., रायपुर (छ.ग.)
तकनीकी सहयोग	–	श्री शेषागिरी, यूनीसेफ रायपुर
समन्वय	–	अनुपमा नलगुण्डवार, सहायक प्राध्यापक एस.सी.ई.आर.टी.,रायपुर (कार्यक्रम समन्वयक)
समन्वय सहयोग	–	सुनील मिश्रा (राज्य स्रोत व्यक्ति) एस.सी.ई.आर.टी.,रायपुर
लेखन एवं सामग्री निर्माण	–	तारकेश्वर देवांगन, गंगाधर साहू, पुरूषोत्तम सोनी, रामेश्वर बेलान्द्रे, उत्तम साहू, शिवकुमार देवांगन, कु. योगिता साहू, बेनीराम साहू, हेम चंदेल, चैतराम सार्वा, रविनारायण त्रिपाठी, लोचन सिंह नेमसिंह कौशिक, मंगलूराम कश्यप, कु. चंचल , गजेंन्द्र देवांगन, प्रदीप पाण्डेय, माखन लाल मंडावी, हृदय राम सिन्हा, अनुपमा नलगुण्डवार, सुनील मिश्रा
टंकण एवं ले आउट	–	राजकुमार चन्द्राकर

द्वितीय संस्करण 2010–2011

प्राक्कथन

विगत कई वर्षों से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार हेतु अनेक कार्यक्रम बनाये गये हैं। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षा में बहुकक्षा एवं बहुस्तरीय शिक्षण(एम.जी.एम.एल.) पद्धति का निर्माण हुआ। इस पैकेज को **एम.जी.एम.एल.** (सृजन) नाम दिया गया है। **एम.जी.एम.एल.** (सृजन) आनंददायी शिक्षण विधि है। यह बच्चों को उनके गति एवं स्तर के अनुरूप सीखने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। साथ ही प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्ता युक्त शिक्षा की पहुँच को सुनिश्चित करती है।

वर्तमान में राज्य के 58 विकासखंडों के 12,000 स्कूलों में एम.जी.एम.एल. लागू है। जहाँ परिषद द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण और सामग्री वितरण कार्य सम्पन्न किया गया है। स्कूलों में प्रक्रिया को सुचारू रूप से प्रारंभ कराने के लिए लगातार मॉनीटरिंग पर सी.ए.सी. एवं बी.आर.जी. को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एस.आर.जी. द्वारा सतत मॉनीटरिंग कर सीधे शिक्षको का संकुल स्तरीय प्रशिक्षण किया गया। उक्त कार्यो से **एम.जी.एम.एल.** कक्षाओं में तेजी से प्रक्रिया शुरू हुई है। इस वर्ष संपूर्ण छत्तीसगढ़ की प्राथमिक शालाओं में एम.जी.एम.एल. लागू किया जा रहा है अतः मॉनीटरिंग की प्रक्रिया को और अधिक विस्तृत एवं सशक्त करने की आवश्यकता को देखते हुए यह मॉनीटरिंग संदर्शिका निर्मित की गई है। मॉनीटरिंग का उद्देश्य कक्षा में आने वाली समस्याओं, कमियों को पहचानना, विश्लेषण कर उनका त्वरित निदान करना है। मॉनीटरिंग हेतु चेक लिस्ट, मूल्यांकन पत्रक, विश्लेषण पत्रक एवं बैठकों के प्रारूप बनाए गए हैं। शिक्षक स्वयं अपने स्कूल का विश्लेषण कर सके इसलिए एम.जी.एम.एल. के मानक तैयार किये गये हैं। शिक्षकों की समस्याओं का हर संभव समाधान इस संदर्शिका में दिया गया है। मॉनीटरिंग कार्य एस.आर.जी., डी.आर.जी., सी.ए.सी., बी. आर.जी. और बी.ए.सी. करेंगे। इसके सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समर्थन से शिक्षकों एवं **एम.जी.एम.एल.** प्रक्रिया को सशक्त किया जा सकता है।

मॉनीटरिंग के पश्चात् सूचनाओं का निरंतर प्रवाह स्कूल से राज्य एवं राज्य से स्कूल तक होता रहेगा। समय–समय पर एजूसेट के माध्यम से मॉनीटरिंग से प्राप्त जानकारियों से प्रदेश के समस्त क्षेत्रो में एम.जी.एम.एल. प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी।

मुझे विश्वास है कि यह संदर्शिका मॉनीटरिंग हेतु एक नई दिशा प्रदान करेगी। मॉनीटरिंग के उपकरण बनाने में यूनीसेफ रायपुर, राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायपुर, के सहयोग के प्रति में आभार व्यक्त करता हूँ। मॉनीटरिंग की योजना निर्माण हेतु संबंधित व्यक्तियों की भूमिका एवं सहयोग निरंतर वांछनीय है। इससे एम.जी.एम.एल. सृजन निश्चित ही अपने उद्देश्य में सफल होगा। ऐसा मेरा विश्वास है। आपके सुझावों का सदैव स्वागत रहेगा।

संचालक

अनुक्रमणिका

अध्याय 1 एम.जी.एम.एल. शिक्षण प्रणाली ...एक परिचय

1. पृष्ठभूमि
2. प्रणाली की आवश्यकता
3. एम.जी.एम.एल. की अवधारणा
4. प्रक्रिया
5. कक्षा की सजावट

अध्याय 2 मॉनीटरिंग – उपकरण (Tools)

1. मॉनीटरिंग क्या है ?
2. एम.जी.एम.एल. मॉनीटरिंग क्यों ?
3. सूचना तंत्र
4. समीक्षा बैठक
5. विभिन्न इकाईयों के कर्त्तव्य
6. त्वरित निराकरण हेतु योजना

अध्याय 3 मॉनीटरिंग की रणनीति

1. मॉनीटरिंग कैसे करें ?
2. प्रपत्रों का विवरण
3. मॉनीटरिंग चेकलिस्ट एवं विश्लेषण
4. मूल्यांकन चेकलिस्ट एवं विश्लेषण
5. संकलित जानकारी तैयार करना
6. राज्य स्तर पर विश्लेषण

अध्याय 1

बहुकक्षा बहुस्तरीय शिक्षण (MGML) क्या है ?

सभी बच्चों को समान गुणवत्ता के साथ शिक्षण, राज्य की शैक्षिक आवश्यकता रही है। किसी कौशल को सीखने के लिए बच्चों में विविधता होती है, क्योंकि बच्चों के सीखने की गति अलग–अलग होती है, इसलिए एक ही समय में प्रत्येक बच्चे का स्तर अलग–अलग होता है। बच्चे सीखें इसके लिए जरूरी है कि उसके सीखने की गति का सम्मान किया जाये और उन्हें सीखने के पर्याप्त अवसर दिए जावें। साथ ही कक्षा में बाल केन्द्रित और आनंददायी शिक्षा भी आवश्यक है। जिसमें परीक्षा का भय न हो और न ही सीखने के समय का बंधन हो। बच्चे खेल–खेल में अपनी गति एवं स्तर के अनुरूप सीखें। क्या कोई ऐसी कारगर प्रणाली है, जो उपरोक्त बातों को पूरा करती हो ?

जी हाँ ! MGML ही आज की स्थिति में सबसे कारगर प्रणाली है।

अवधारणा :–बच्चा परिवेश के विभिन्न साधनों एवं स्रोतों से सीखता है। बच्चे की आवश्यकतानुसार उसके सीखने के स्तर और गति के अनुरुप सीखने का अवसर एवं साधन उपलब्ध करा देना ही एम. जी. एम. एल. है। इसमें शिक्षक सुविधादाता की भूमिका निभाता है।

इस प्रणाली में बच्चों के स्तर का परीक्षण कर उनके स्तर के अनुसार पाठ्य सामग्री दी जाती है। प्रत्येक बच्चे को सीखने के पर्याप्त अवसर दिए जाते हैं। पुस्तक के स्थान पर कार्डों से शिक्षण होता है। बच्चों के बैठने हेतु विभिन्न समूह निर्धारित किए गए हैं।

इस प्रकार प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता, गति एवं स्तर के अनुसार गुणवत्तायुक्त शिक्षा लेकर ही आगे बढ़ता है। इस प्रणाली को निम्नाकिंत बिन्दुओं के आधार पर समझा जा सकता है :–

गति :– प्रत्येक बच्चे की बुद्धिलब्धि, रूचियाँ, परिस्थितियाँ एवं इच्छाएँ भिन्न–भिन्न होती हैं, जिससे एक ही समय में हर बच्चे की विषय वस्तु को सीखने की क्षमता भी भिन्न–भिन्न होती है। सीखने की क्षमता एवं सीखने में लगने वाला समय ही सीखने की गति कहलाता है।

उदाहरण :– एक शिक्षक– रमा, श्यामा, रज्जू को एक ही समय में जोड़ का अभ्यास सिखाते हैं।

– रमा बहुत तेजी से जोड़ सीखती है। श्यामा निर्धारित समय में सीखती है। रज्जू बहुत अधिक समय में सीखता है।

अर्थात् तीनों बच्चों के सीखने की गति अलग–अलग है।

स्तर :– स्तर से आशय अपेक्षित दक्षता को कुशलता पूर्वक प्राप्त करना है। सीखने की गति में भिन्नता के कारण बच्चों के स्तर में भी भिन्नता पाई जाती है।

उदाहरण :– रमा, श्यामा और रज्जू के सीखने की गति भिन्न–भिन्न है। कुछ समय बाद हम देखेंगे कि –

– रमा को 2 अंको का जोड़, हासिल सहित आता है।

– श्यामा को 2 अंको का बिना हासिल वाला जोड़ आता है।

– रज्जू को 1 अंक का जोड़ आता है।इस प्रकार प्रत्येक बच्चे का स्तर अलग–अलग है।

माइलस्टोन :– सीखने के उद्देश्यों को मनोवैज्ञानिक तरीके से छोटे छोटे कौशलों में विभक्त करके सीखने की प्रक्रिया को सहज,रुचिकर एवं क्रम बद्ध रुप से व्यवस्थित किया गया है, जिससे बच्चे सहजता से सीख सकें। इसे ही माइलस्टोन कहेंगे।

लोगो :– लोगो(Logo) प्रतीक हैं, जिनके आधार पर समूह व गतिविधियॉ बनायी गयी हैं। इससे कार्डों के रखरखाव में सुविधा होती है। विषयवार लोगो(Logo) रखे गए हैं, हिन्दी में – पशु, गणित में – पक्षी, पर्यावरण में– फल, एवं अंग्रेजी में– इलेक्ट्रॉनिक सामान ।

लेडर – लेडर, लोगो वार आगे बढ़ते हुए माइलस्टोन पार करने का मार्ग है। साथ ही यह समस्त प्रक्रिया का नियंत्रक है। इसके आधार पर बच्चे क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित गति–विधियाँ करते हुए आगे बढ़ते हैं।

समूह :–एम.जी.एम.एल. प्रक्रिया में समूह द्वारा सीखना–सिखाना होता है। इसके लिये कुल छः समूह बनाये गये हैं।

1. शिक्षक समर्थित समूह
2. आंशिक शिक्षक समर्थित समूह
3. सहपाठी समर्थित समूह
4. आंशिक सहपाठी समर्थित समूह
5. स्वअधिगम समूह
6. मूल्यांकन समूह

किट :– MGML हेतु प्रयुक्त संपूर्ण सामग्रियाँ। जैसे–कार्ड, लेडर, समूह थाली,कंकड़ पत्थर, पासा, बीज, बटन आदि।

कक्षा 3 और 4 में माइलस्टोन के विषयवार अध्यापन दिनों की संभावित संख्या

विषय – गणित

क्र.	नाम	माइलस्टोन	28	29	30	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	41	42	43	44	45	46	47	48	49	50	51	52	53	54	55	56	57	58	59	60	61	62	63	64
		दिन	09	10	09	13	11	13	14	12	12	12	09	09	10	13	11	11	11	11	10	10	12	12	11	10	12	09	10	10	10	10	10	11	11	10	11	11	10
1		चिन्ह																																					
		दिनांक																																					

कक्षा 3 और 4 में माइलस्टोन के विषयवार अध्यापन दिनों की संभावित संख्या

विषय – हिन्दी

क्र.	नाम	माइलस्टोन	22	23	24	25	26	27	28	29	30	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	41	42	43	44	45	46	47	48	49	50	51	52	53	54	55	56	57
		दिन	14	14	13	12	12	11	10	12	10	09	12	10	11	10	09	10	11	10	10	13	12	10	10	12	10	10	11	10	13	12	12	11	09	12	12	11
1		चिन्ह																																				
		दिनांक																																				

कक्षा 3 और 4 में माइलस्टोन के विषयवार अध्यापन दिनों की संभावित संख्या

विषय – पर्यावरण

क्र.	नाम	माइलस्टोन	29	30	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	41	42	43	44	45	46	47	48	49	50	51	52	53	54	55	56	57	58	59	60	61	62	63	64
		दिन	13	12	12	12	12	11	12	13	09	13	10	12	09	10	09	09	10	12	12	12	11	10	11	11	12	10	11	12	11	10	11	11	11	12	10	12
1		चिन्ह																																				
		दिनांक																																				

टीप :– दिनों का निर्धारण कुल शाला लगने के दिनों की संभावित संख्या (जैसे– 200दिन) को कुल माइलस्टोन के अनुरूप या कुल कार्डों की संख्याओं को मानक मानकर किया गया है। पर्यावरण विषय के लिए भी इसी आधार पर दिनां की संख्या निर्धारित की जा सकती है।


पर्यावरण
अध्ययन
कक्षा - 3
29
30
31
32
33
37
2
3
34
35
38
39
40
41
44
45
4
42
43
46


पर्यावरण
अध्ययन
कक्षा - 4
47
48
49
6
50
51
54
55
7
52
53
56
8
57
58
61
62
9
10
59
60
63
64




63
64
62
60
61
59
58
57
56
55
54
53
52
51
50
49
48
47
46

कथा तीसरी-हिन्दी

कक्षा – चौथी हिन्दी


57
34 57 45 58 76 62 32 56 57 57 57 10
56
56 56 56 75 55 42 61 45 57 56 44 46
55 55 55 60 24
54
33 42 54 55 73 59 33 53 54 54 54
55
45 55 43 74 56
53
53 53 53 52 32 58 72 54 23 41 53 44
52 52 52 31 51
51
42 39 51 52 70 56 30 50 51 51 51 9
52
43 52 40 53 41
50
50 50 44 55 29 49 69 51 40 50 38 41
49 49 49 48 28
48
40 36 48 67 49 39 53 43 47 48 48 48
49
32 49 37 50
47
47 47 46 66 48 35 52 22 47 39
46 46 46 45 65 34 42
45
38 33 45 46 41 50 64 44 21 45 45 45 8
46
31 46 47
44
44 43 63 45 37 49 32 44 30
43 43 43 36 42 48 62 44 43
42
40 41 41 41
36 42 30 61 43 40 47 20 41 42 42 42
43
41
35 42 39 29 41 35
40 40 40 39 59 45 28 41 34 40 29
40

प्रक्रिया

MGML की कक्षा ऐसे शुरू करें –

1 कक्षा 1 से 4 के बच्चों की मिश्रित कक्षा होगी।(आदर्श कक्ष में बच्चों की संख्या लगभग 40)

2 50 से अधिक बच्चे होने पर दूसरा मिश्रित कक्ष बनाएँ।

3 शिक्षक अपनी निजी डायरी में सभी बच्चों का नाम लिखें।

4 विषयवार माइल स्टोन को ध्यान से पढ़ें। जो सृजन हस्तपुस्तिका के परिशिष्ट में दिए गए हैं। पढ़कर बच्चों का अनुमानित माइलस्टोन निकालें।

5 अनुमानित माइलस्टोन निकालने के बाद बच्चों का अस्थायी समूह बनाकर प्रत्येक बच्चे का मूल्यांकन कार्ड द्वारा वास्तविक माइल स्टोन ज्ञात करें।

वास्तविक माइलस्टोन ऐसे निकालें – राम का अनुमानित माइलस्टोन 5 है, उसे माइलस्टोन 5 का मूल्यांकन कार्ड दिया गया। जिसे उसने पूरा कर लिया। अब उसे माइलस्टोन 6 का मूल्यांकन कार्ड दिया गया। जिसे वह नहीं कर पाया। तब उसका वास्तविक माइलस्टोन 6 होगा।

राधा का अनुमानित माइलस्टोन 9 है। माइलस्टोन 9 का मूल्यांकन कार्ड देने पर वह नहीं कर पाई। अब उसे 8 माइलस्टोन का मूल्यांकन कार्ड देंगे। वह इसे भी नहीं कर पाई। फिर माइलस्टोन 7 का मूल्यांकन कार्ड देने पर उसने पूरा कर लिया। अतः उसका वास्तविक माइलस्टोन 8 होगा।

1 बच्चों को लोगो, लेडर, समूह थाली से परिचय करावें और उन्हें उनके उपयोग पर प्रशिक्षित करें।

2 प्रशिक्षित करने के लिये उनके वास्तविक माइलस्टोन से 1–2 माइलस्टोन नीचे की गतिविधि वाले कार्ड दें। (अवधारणा व मूल्यांकन कार्ड न दें।)

3 उक्त माइलस्टोन की गतिविधि को पूरा करके बच्चे अपने वास्तविक माइलस्टोन में प्रवेश करेंगे।

4 शिक्षक बच्चे के वास्तविक माइलस्टोन के अवधारणा कार्ड से सीखाना प्रारंभ करें।

इस प्रकार MGML की प्रक्रिया का संचालन सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा।

कुछ प्रश्न जो मन में आएँगे –

प्रश्न – समूह निर्माण की प्रक्रिया क्यों ?

उत्तर :–
1. सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को सरल करने के लिए।
2. कक्ष को स्वनियंत्रित गति से चलाने के लिए।
3. बच्चों में MGML की संपूर्ण प्रक्रिया पर समझ बनाने के लिए।
4. सभी बच्चों का गतिविधि में सहभागिता के लिये।

5. बच्चों के स्तर की सही जानकारी हेतु।
6. स्तरानुरूप सीखने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये।

प्रश्न :– अनुमानित माइलस्टोन कैसे ज्ञात करेंगे ?

उत्तर – सृजन हस्त पुस्तिका में दिए गए परिशिष्ट से माइलस्टोन का बिन्दुवार अध्ययन करें तथा इसके आधार पर बच्चों का अनुमानित माइलस्टोन तय करें।

प्रश्न :– वास्तविक माइलस्टोन क्यों ?

उत्तर :– बच्चे का वास्तविक स्तर ज्ञात कर अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के लिए वास्तविक माइलस्टोन निकालना आवश्यक है।

प्रश्न :– बच्चों को लोगो, लेडर से परिचय कराना क्यों आवश्यक है ?

उत्तर :– बच्चों को लोगो, लेडर से परिचित कराने के बाद ही MGML की कक्षाएँ संचालित होती हैं। बच्चे लेडर देखकर ही लोगो एवं नंबर के अनुसार कार्ड निकालते हैं व निर्धारित समूह में बैठकर गतिविधि पूरी करते हैं। लोगो, लेडर के परिचय से ही समूह का निर्माण होता है। परिचय कराने के लिए बच्चों को कार्ड छूने दें, लेडर पर उँगली फिराकर उन्हें उनके वास्तविक माइलस्टोन का ज्ञान करायें।

प्रश्न :– अनुमानित माइलस्टोन के बाद अस्थायी समूह बनाना क्यों आवश्यक है ?

उत्तर :–1. प्रत्येक बच्चे का वास्तविक माइलस्टोन निकालने के लिए।
2. सभी बच्चों का एक साथ वास्तविक मूल्यांकन नहीं किया जा सकता।
अतः कक्षा को व्यवस्थित करने के लिए अस्थायी समूह बनाना आवश्यक है।

प्रश्न :– अस्थायी समूह के बच्चों को कौन–कौन सी गतिविधियाँ कराएँगे ?

उत्तर :–

गीली मिट्टी के कार्य, चित्रकारी, कंकड़ से चित्र बनाना, चित्रों पर कंकड जमाना कागज से खिलौने बनाना, विभिन्न वस्तुओं का संकलन, परिवेशीय अवलोकन कर रिपोर्टिंग करना पूर्व के माइलस्टोन के खेल, कार्डों का खेल,बिल्लस का खेल आदि।

प्रश्न :– अवधारणा क्या है ?

उत्तर :– विषय वस्तु के अंतर्गत कुछ प्रमुख बिन्दु जो संपूर्ण विषय वस्तु की समझ बनाते हैं।

प्रश्न :– अवधारणा कार्ड को कैसे स्पष्ट करेंगे ?

उत्तर :– **हिन्दी –**

1. अवधारणा कार्ड कराने के पूर्व उस माइलस्टोन के सभी कार्डों की जानकारी रखें एवं अवधारणा स्पष्ट करते समय अन्य गतिविधि कार्डों का उपयोग अवश्यक करें। जैसे – चूहा कार्ड, हिरण कार्ड आदि।
2. सबसे पहले शिक्षक अवधारणा कार्ड के चित्रों पर चर्चा कराएँ।
3. कविता/कहानी को हाव–भाव के साथ सुनाएँ।
4. रंगीन शब्दों पर जोर देते हुए कविता को सुनाएँ।
5. चित्र व शब्दों का मिलान कराएँ।
6. शिक्षक शब्द के प्रथम वर्ण की ध्वनि की पहचान कराएँ।
7. शिक्षक द्वारा शब्दों को बोलने पर बच्चे शब्द को पहचान सकें।
8. कविता/कहानी को हावभाव के साथ दोहरा सकें एवं अपने शब्दों में व्यक्त कर सकें।
9. शिक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि बच्चा रंगीन शब्दों को अच्छी तरह पहचान गया है । तभी अगली गतिविधि के लिए बच्चे को निर्देशित करें।
10. कक्षा 3 व 4 में अवधारणा स्पष्ट करने से पूर्व उस माइलस्टोन का उपचारात्मक कार्ड (भालू) का अध्ययन करना अति आवश्यक है।
11. शिक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि बच्चे को अवधारणा पूर्ण रूप से स्पष्ट हो गई है, तभी अगली गतिविधि के लिए बच्चे को निर्देशित करें।

गणित :–

1. अवधारणा स्पष्ट करने से पहले दैनिक जीवन से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछें। जैसे – जोड़ की अवधारणा से पहले हम पूछें कि आपके पास दो पेन है और आपके दोस्त के पास तीन पेन है। कुल कितने पेन हुए ?
2. मौखिक प्रश्न के बाद कंकड़, बीज, माचिस की तीली, कंचे, बटन, मोती आदि विभिन्न सहायक सामग्री से उन्हें अवधारणा स्पष्ट कराएँ।
3. अवधारणा स्पष्ट करते समय उस माइलस्टोन के अन्य कार्डों का उपयोग अवश्य करें। जैसे – कबूतर कार्ड, बतख कार्ड आदि।
4. शिक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि बच्चा अवधारणा से संबंधित सवाल हल कर सकता है, तभी उसे अगले कार्ड की गतिविधि के लिए भेजें।

पर्यावरण : –

1. सर्वप्रथम शिक्षक सर्वे कार्ड का अवलोकन करें। संकलित जानकारियों पर बच्चों के साथ चर्चा करें ।
2. कहानी/कविता को समझाते हुए अवधारणा को स्पष्ट करें।
3. अवधारणा स्पष्ट कराने के लिए उस विषय वस्तु से संबंधित अन्य कार्डों का उपयोग अवश्य करें। जैसे – केला कार्ड, अनार कार्ड, पपीता कार्ड आदि।
4. शिक्षक यह सुनिश्चित कर लें कि अवधारणा पूर्ण रूप से स्पष्ट हो गई है, तभी बच्चे

को अगली गतिविधि के लिए निर्देशित करें।

अंग्रेजी :–

1. शिक्षक हाव–भाव के साथ कविता को सुनाएँ।
2. कार्ड में दी गयी क्रियाओं को स्वयं करके बताएँ।
3. अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए अन्य गतिविधि कार्डों का उपयोग करें।
4. यदि बच्चे क्रियाओं के साथ कविता को सुना पाते हैं तभी अगले कार्ड की गति–विधि कराएं।
5. शिक्षक के द्वारा की गयी क्रियाओं को बच्चे कर पाएँ एवं बोल पाएँ, तभी उन्हें अगला कार्ड दें।

अवधारणा स्पष्ट करने के लिए शिक्षक को MGML के सभी कार्डों का गहन अध्ययन करना आवश्यक है।

प्रश्न :– बच्चा अगले लोगो का कार्ड कब उठाएगा ?

उत्तर :– जिस कार्ड पर गतिविधि हो रही है उस कार्ड की पक्की समझ ही अगले लोगो की गतिविधि के लिए सहायक होगी। जब तक बच्चा दक्ष न हो जाए तब तक गति–विधि दोहराएँ। ध्यान रखें कि गतिविधि कार्ड के निर्देश के अनुरुप ही हो। यदि बच्चा कार्ड की गतिविधि नहीं कर पा रहा है, तो इसका अर्थ यह होगा कि उसने पिछली गतिविधि को अच्छी तरह नहीं किया है।

प्रश्न :– शिक्षक सभी समूहों पर कैसे ध्यान रखें ?

उत्तर :–

1. शिक्षक समर्थित समूह में प्रत्येक कार्ड को शिक्षक ही कराएँ।
2. आंशिक शिक्षक समर्थित समूह प्रथम समूह के पास हो, जिससे शिक्षक आवश्यकतानुसार सहयोग कर सके।
3. सहपाठी समर्थित समूह के बच्चे यदि आपसी सहयोग से गतिविधि पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं तो शिक्षक स्वयं बच्चों के साथ गतिविधि करके बताएँ।
4. आंशिक सहपाठी समर्थित समूह में बच्चे अन्य साथी के निर्देश/सहयोग से कार्य कर पा रहे हैं, यदि नहीं तो शिक्षक उनकी सहायता करें व स्वयं कार्य करने हेतु प्रेरित करें।
5. स्वअधिगम समूह में बच्चे स्वयं कार्य कर रहे हैं, यदि नहीं तो शिक्षक उन्हें स्वयं करने हेतु प्रेरित करें।
6. मूल्यांकन समूह में बच्चों द्वारा किये गये कार्य एवं दिये गये उत्तरों की जाँच शिक्षक स्वयं करें।

शिक्षक सभी समूहों में एक सुविधादाता के रूप में कार्य करें।

प्रश्न :– बच्चे मूल्यांकन कार्ड को कैसे हल करेंगे ?

उत्तर :–बच्चे भू–श्यामपट, स्लेट, कॉपी पर मूल्यांकन कार्डों के प्रश्नों को हल करेंगे। शिक्षक उत्तरों की जाँच करें।

प्रश्न :– कार्डों पर दिये गये अभ्यास कार्य को कहॉ करायें ?

उत्तर :– कार्डों पर दिये गये अभ्यास कार्य को भू–श्यामपट, स्लेट, कॉपी में करायें। बच्चों को स्पष्ट निर्देश दें कि कार्डों पर न लिखें।

प्रश्न :– भू–श्यामपट पर कार्य करना क्यों जरूरी है ?

उत्तर :–

1. कक्षा से लगाव बढ़ता है। कक्षा अपनी लगती है।
2. बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है।
3. एक–दूसरे के कार्यों की जाँच कर सकते हैं। शिक्षक भी उनके कार्यो का अवलोकन कर सकते हैं।
4. लिखावट सुन्दर होती है।
5. गलती की संभावना नगण्य हो जाती है।

प्रश्न :–शिक्षक का जमीन पर बैठकर अध्ययन कराना क्यों आवश्यक है?

उत्तर :–

1. बच्चे और शिक्षक के बीच मित्रता बढ़ेगी।
2. बच्चे, शिक्षक को अपने बीच पाकर सहजता के साथ अपनी बात रख सकते हैं।
3. बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में आसानी होगी।
4. जमीन पर बैठने से मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

प्रश्न :– पासे व अन्य सामग्री का प्रबंधन कैसे करें ?

उत्तर :–

1. गतिविधि के अनुसार बच्चों को पासा दें।
2. पासा के फलक पर स्वयं मार्कर पेन या पेंट से चित्र, अंक, शब्द, वर्ण लिखें।
3. पासा खेल हेतु अलग–अलग रंगों के बटनों के पैकेट रखें।
4. गणित विषय में विभिन्न अवधारणाओं एवं उनके अभ्यास हेतु मोती, कंकड़, बीज,

कंचे, स्ट्रापाइप माचिस की तीलियॉ, उनके बंडल आदि का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

प्रश्न :–लेखन कार्य बच्चों से कब–कब करायें ?

उत्तर :– कार्डों के निर्देश के अनुरूप ही लेखन कार्य करायें (अनावश्यक लेखन कार्य न करवायें)। घोड़ा एवं बिल्ली कार्ड अवधारणा से संबंधित हैं, लिखने से नहीं यह ध्यान रखें। किन्तु शिक्षक प्रायः बच्चों को लिखने का कार्य दे देते हैं।

प्रश्न :– कछुआ, कुत्ता, कबूतर लोगो पर कार्य कैसे करें ?

उत्तर :– कछुआ – पहले मात्रा वाले कार्ड के चिन्हांकित भाग को काटें। माइलस्टोन में आये वर्णों व मात्राओं का उपयोग करें। जैसे – माइलस्टोन 1 में र,क,ल,ह, वाला कार्ड लें जिसमें 'ा' की मात्रा वाले कार्ड लगाकर इन वर्णों का उच्चारण करवायें।

उदाहरण – [र] + [ा] = [रा]

कुत्ता :–

1. कार्ड में शब्दपट्टी व वाक्यपट्टी का अभ्यास है।
2. स्टेपल करते समय नंबर को ध्यान में रखा जाये व काटते समय कैंची के निशान तक ही काटें।
3. शब्द बनाने, वाक्य बनाने एवं व्याकरण में इसका अधिक–से–अधिक उपयोग करें।

कबूतर :–

1. यह संख्या एवं अंक कार्ड है।
2. इसका उपयोग माइलस्टोन में आये अंकों के अनुरूप करें।
3. अंक पहचान कर छोटा–बड़ा, घटते–बढ़ते क्रम, पहले, मध्य, बाद की संख्या, जोड़ना–घटाना आदि गतिविधियों हेतु इन कार्डों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।
4. कबूतर कार्ड का उपयोग गणितीय खेल में अवश्य करें।

भेड़, चूहा, हिरण, बतख एवं सीताफल कार्डों को नंबर व संख्या के अनुसार रबर लगाकर, बांधकर व्यवस्थित रखें।

प्रश्न–सभी बच्चों को शून्य माइलस्टोन से ही अध्यापन प्रारंभ क्यों नहीं करना चाहिए?

उत्तर –प्रत्येक बच्चे का स्तर अलग–अलग होता है, अतः उनके स्तरानुरूप अध्यापन कराना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है।

प्रश्न –MGML प्रक्रिया लागू करने से शिक्षक व जनसमुदाय को क्या लाभ होगा?

उत्तर – **शिक्षक को लाभ –**

1. शिक्षक में सभी बच्चों को सीखा पाने का आत्मविश्वास जागृत होगा।
2. शिक्षण कार्य आसान होगा क्योंकि बड़े बच्चे छोटे बच्चों को सीखने में सहयोग करते हैं।
3. शिक्षक में प्रबंधन के गुणों का विकास होगा।
4. शिक्षक अपनी रचनात्मक ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग कर सकेंगे।
5. समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित होगी।
6. शिक्षक प्रत्येक बच्चे का स्तर, गति एवं रूचि को समझकर उसके अनुरूप विकास में मदद कर सकेंगे।
7. बच्चे और प्रक्रिया का सतत और समग्र मूल्यांकन कर सकेंगे।

समुदाय को लाभ –

1. समुदाय को आत्मविश्वासी एवं स्वावलम्बी नागरिक मिलेगा।
2. विद्यालय और समुदाय के बीच मधुर संबंध स्थापित होगा।
3. समुदाय के सभी बच्चे सीखेंगे।
4. कुशल नेतृत्व करने वाले नागरिक मिलेंगे।

प्रश्न – कक्षा भवन के अभाव में एम.जी.एम.एल. कैसे संचालित करें ?

उत्तर – भवन के अभाव में एम.जी.एम.एल. की कक्षा संचालित करने के लिए निम्न वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है –

1. किसी पेड़ के नीचे या किसी छायादार जगह में एम.जी.एम.एल. प्रक्रिया के अनुसार छः खूँटे गाड़कर थाली समूह को टांग कर कक्षा का संचालन करें।

   जिस विषय का अध्यापन किया जाना है, उस विषय के लेडर, ट्रे एवं कार्ड को रखकर एम.जी.एम.एल. प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं।
2. समुदाय के सहयोग से पर्णकुटी या झोपड़ी (शेल्टर) निर्मित करके भी एम.जी.एम.एल. कक्षा आसानी से संचालित की जा सकती है।

टीप – इस तरह की वैकल्पिक व्यवस्था राजनांदगाँव जिले के विकासखंड चौकी तथा सरगुजा जिले के विकासखंड रामानुजगंज एवं प्रतापपुर में की गई है।

प्रश्न – एक सेट किट (चारों विषय) में कितने बच्चे अध्ययन कर सकते हैं ?

उत्तर – एक सेट किट की सहायता से लगभग 160 बच्चे एक साथ अध्ययन कर सकते हैं। चार कक्षाओं में अलग–अलग विषय का अध्यापन किया जाएगा।

जैसे –

कक्ष क्रमांक	बच्चों की संख्या					विषय
	1ली	2री	3री	4थी	योग	
1	10	10	10	10	40	हिन्दी
2	10	10	10	10	40	गणित
3	10	10	10	10	40	अंग्रेजी
4	10	10	10	10	40	पर्यावरण

प्रत्येक कक्ष में अलग–अलग विषय के कार्ड रखे होंगे। चारों कक्ष में विषयों का अध यापन एक साथ प्रारंभ होगा। काल खंड के अनुसार बच्चे बदलते रहेंगे।

प्रश्न – क्या एम.जी.एम.एल. में लेखन अभ्यास कम है ?

उत्तर – भाषा सीखने के चार कौशल होते हैं – सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना। सुनना और पढ़ना कौशल ज्ञान को ग्रहण करने के लिए और बोलना एवं लिखना कौशल अभिव्यक्ति के लिए है। लिखना भाषा का सबसे अंतिम कौशल है अर्थात् बच्चा जब सुनना, बोलना और पढ़ना सीख जाए, तभी उसे लिखने की दक्षता सिखायी जाए। लिखना कौशल का मतलब यह है कि बच्चा अपने विचारों को स्वतंत्रता पूर्वक लिखकर व्यक्त कर सके न कि केवल दी गई सामग्री को उतार दे अथवा वर्णों के चित्र बना दे।

एम.जी.एम.एल. के कार्डों में लेखन के पर्याप्त अभ्यास दिए गए है। जैसे – हिन्दी में हाथी, गणित में मैना, पर्यावरण में अनानास, अंग्रेजी में कूलर कार्ड पूर्णतः लेखन पर आधारित है। बच्चे कार्ड में दिए गए निर्देशानुसार अपने कापी, स्लेट और भूस्तर श्यामपट में लेखन कार्य करेंगे। ज्यों–ज्यों बच्चे का स्तर बढ़ता जाता है त्यों–त्यों लेखन का अभ्यास बढ़ता जाता है।

प्रश्न – बच्चे कार्ड ले जाते हैं या फाड़ देते हैं। क्या करें ?

उत्तर – यदि बच्चे कार्ड ले जाते हैं या फाड़ देते हैं तो बच्चे का यह कार्य सीधा–सीधा शिक्षकों की लापरवाही और कक्षा कुप्रबंधन को प्रदर्शित करता है।

शिक्षक द्वारा बच्चों को बार–बार निर्देश देना होगा कि यह कार्ड सभी बच्चों का है, हमारे विद्यालय का है, इन्हीं कार्डों द्वारा पढ़ाई होती है इसलिए आप इन कार्डों को सुरक्षित रखें। ऐसा संस्कार विकसित करने से बच्चे कार्ड नहीं ले जाएंगे। यदि कार्डों की आवश्यकता हो तो विकासखंड में उपलब्ध सी.डी. से फोटोकापी करवा लें।

प्रश्न – MGML में गृहकार्य की क्या व्यवस्था है ?

उत्तर – परिषद द्वारा गृहकार्य करने के लिए सभी विषयों की अभ्यास पुस्तिका दी जा रही है। जिसमें स्तरानुरूप पर्याप्त अभ्यास कार्य दिया गया है।

प्रश्न – बस्ते का बोझ हटाने का क्या अर्थ है ?

उत्तर – बस्ते का बोझ हटाने का कुछ लोगों ने कुछ का कुछ अर्थ निकाल लिया और बच्चों से बस्ता मंगवाना ही बंद करा दिया। **एम.जी.एम.एल. कक्षा में बच्चा अपने बस्ते में केवल पाठ्य पुस्तक नहीं लाएगा।** अन्य शिक्षण सामग्री जैसे – स्लेट, कापी, पेन, अभ्यास पुस्तिका आदि अवश्य लेकर आएगा।

प्रश्न – स्क्रैप बुक क्या है ? इसका उपयोग कैसे करें ?

उत्तर – बच्चे अपने मनपसंद चित्रों का कटिंग करके कापी में चिपकाते हैं, उसे ही स्क्रैप बुक कहते हैं। यह बच्चों के कौशल को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। इस कार्ड

में निम्न गतिविधि की जा सकती हैं –

1. मनपसंद चित्र कापी में चिपकाकर उनका नाम बोले एवं लिखें।
2. चित्र के नाम में त्रुटि होने पर शिक्षक उसमें सुधार करेगा।
3. चित्र के संबंध में बच्चा अपने शब्दों में लिखित एवं मौखिक वर्णन करेगा।
4. उच्च स्तर वाले बच्चे चित्र के संबंध में निबंध/कहानी/कविता आदि लिखेंगे।

प्रश्न – MGML कक्षा के बेहतर संचालन के लिए शिक्षक क्या करें ?

उत्तर – 1. बच्चे के व्यक्तिगत लेडर को बच्चों के हाथों में सौंप दें।

2. वास्तविक माइलस्टोन निकालने के समय मूल्यांकन ठीक से करें।
3. जब तक बच्चे को अवधारणा समझ में नहीं आता तब तक उसे अवधारणा स्पष्ट कराएँ।
4. अवधारणा स्पष्ट कराते समय सहायक सामग्री का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।
5. बच्चे किस माइलस्टोन के किस कार्ड पर कार्य कर रहा है उसकी जानकारी हेतु निजी डायरी संधारित करें।
6. धीमी गति से सीखने वाले बच्चे पर ध्यान दें।
7. शिक्षक बच्चों की दिनभर की गतिविधि में आने वाली समस्या, उपलब्धि, नवाचार का रिकार्ड रखें।
8. मूल्यांकन पत्रक को संधारित करते हुए बच्चों की पहुँच में रखें।
9. शिक्षक अपने स्टाफ से नियमित विचार–विमर्श करें।
10. शिक्षक ध्यान रखें कि बच्चा अपने कार्ड पर कितने समय तक काम कर रहा है।
11. बच्चों को कहानी सुनाने के लिए माता–पिता, अभिभावक को बुलाएँ।
12. बेहतर कक्ष संचालन हेतु योजना बनाकर कार्य करें।
13. शिक्षक बच्चों को पाठ्यपुस्तक न मंगाए और न ही अध्यापन कराएं।
14. MGML प्रशिक्षित शिक्षक की अनुपस्थिति में MGML कक्ष में अध्यापन बंद न करें।

अंग्रेजी कैसे सीखाएँ –

1. अंग्रेजी एक भाषा है। जिसमें सीखने का क्रम है – सुनना, बोलना, पढ़ना एवं लिखना।
2. कक्षा 1ली व 2री में सीखने के क्रम में सुनने व बोलने पर जोर दिया गया है।
3. अंग्रेजी विषय में केवल Conversation (चर्चा) ही करें।
4. सबसे पहले शिक्षक कार्ड को पढ़ें एवं उसमें दिए गए Action को करते हुए बच्चों को कविता सुनाएँ
5. बच्चों को Action करते हुए कविता दोहराने को कहें अर्थात प्रत्येक शब्द को बच्चा बोलेगा एवं Action करेगा।
6. अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी मायने नहीं बताएं।
   जैसे :– Eye मतलब आँख न बताकर, Eye बोलें एवं आँख पर उँगली रखें।

7. शिक्षक सामान्य बोलचाल में अंग्रेजी के शब्दों का अधिक से अधिक प्रयोग करें।
8. बच्चों को अंग्रेजी में बोलकर छोटे–छोटे निर्देश दें। साथ ही उन्हें भी अंग्रेजी बोलने का अवसर प्रदान करें।
9. कक्षा 1 व 2 के बच्चों से Spelling न पूछें।
10. 1 ली एवं 2 री में केवल मौखिक मूल्यांकन किया जाए।
11. कक्षा 3 व 4 के बच्चों को सुनने व बोलने के साथ साथ पढ़ने व लिखने पर विशेष ध्यान दें।
12. शब्दों को पढ़ने, नये शब्द बनाने, वाक्यों में प्रयोग करने एवं चर्चा करने पर विशेष जोर दें।
13. बच्चों को अंग्रेजी में लेखन एवं वर्णन करने हेतु प्रेरित करें।

पर्यावरण :– पर्यावरण विषय में अवलोकन, संकलन,/वर्गीकरण, विश्लेषण, प्रयोग और निष्कर्ष कैसे ?

1. अवलोकन – माइलस्टोन 5 फल संबंधी अवलोकन

(a) सर्वेक्षण कार्ड की कॉपी करें और बच्चों को दें।

(b) बच्चे अपने आस–पास (परिवेश) का प्रत्यक्ष अवलोकन कर निर्देशानुसार कार्ड को पूर्ण करें।

2. संकलन/वर्गीकरण –

(a) सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी को संकलित एवं वर्गीकृत करें।

जैसे :– खट्टा और मीठा स्वाद के आधार पर वर्गीकरण कराएँ।

(b) सर्वेक्षण एवं वर्गीकरण के आधार पर यह निष्कर्ष निकालने का प्रयास करें कि किस फल को किस रूप में ग्रहण किया जाता है।

1. प्रयोग – विभिन्न फल के स्वाद जानने संबधी प्रयोग बच्चे स्वयं करें।

पर्यावरण के समूह :–

- पर्यावरण में 6 समूहों में कार्य होगा। छः समूह इस प्रकार है।
- कक्षा 1 व 2 के बच्चों को उनकी रूचि के माइलस्टोन पर कार्य करने की स्वतंत्रता दें।
- कक्षा 1 व 2 के बच्चे मौखिक रूप से पर्यावरण के कार्यों को करेंगे।
- कक्षा 1 व 2 के लगभग 30–40 बच्चों को 4 या 5 समूह में बाँटें।
- प्रत्येक समूह के बच्चे को अलग–अलग माइलस्टोन में कार्य देवें।
- सर्वप्रथम सर्वे कार्ड पूरा कराएँ इसके लिए कार्ड की फोटो कापी बच्चों को दें।



- पहले सर्वे कर आने वाले समूह के कार्यों का अवलोकन करें। पूरे होने की स्थिति में उनकी अवधारणा स्पष्ट करते हुए वर्गीकरण कार्य पूरा कराएँ।
- पहला समूह के अवधारणा पूर्ण होने के बाद उस समूह को आगे कार्ड की गतिविधि हेतु निर्देशित करें। अब दूसरे समूह के सर्वे कार्ड का अवलोकन करें। पूर्ण होने की स्थिति में अवधारणा स्पष्ट कर आगे का कार्ड पूरा कराएँ।
- इसी प्रकार क्रमशः सभी समूह के सर्वे एवं संबंधित अवधारणा स्पष्ट करते जावें।
- धीरे–धीरे बच्चे अपने समूह के साथ कार्य करते हुए आगे बढ़ते हुए लोगो में कार्य करते हुए अपना माइलस्टोन पूर्ण करते जायेंगे।
- एक कक्ष में 1 से 4 तक 40 बच्चे है जिसमें कक्षा 1 एवं 2 के 20 बच्चे तथा कक्षा 3 एवं 4 के 20 बच्चे होंगे।
- 1 एवं 2 के बच्चे उपरोक्त विधि से कार्य करेंगे तथा कक्षा 3 एवं 4 के बच्चे किसी एक थीम वेब पर कार्य करेंगे। जब तक सभी माइलस्टोन पूर्ण नहीं हो जाते तब तक दूसरे थीम वेब पर कार्य नहीं करेंगे।
- कक्षा 3 एवं 4 के बच्चे अपनी रूचि के अनुरूप माइलस्टोन का चयन करेंगे।
- शिक्षक प्रत्येक बच्चों को अवधारणा स्पष्ट करेगा।
- इस प्रकार कक्षा 3 एवं 4 के बच्चे हिन्दी और गणित के अध्ययन की तरह पर्यावरण का अध्ययन लेडर के सहारे करते जाएंगे।
- पर्यावरण में वास्तविक माइलस्टोन का निर्धारण हिन्दी के माइलस्टोन के अनुसार होगा। यदि कोई बच्चा हिन्दी का 21 माइलस्टोन पूरा कर लेता है तो वह पर्यावरण के कक्षा 3 के माइलस्टोन से कार्य प्रारंभ करेगा।

- दीर्घकालीन प्रयोजना हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जैसे – शरीर की सफाई हेतु कक्षा में चार्ट लगाएँ।
- शिक्षक आँवला कार्ड स्वयं बनाएँ एवं बच्चों का मूल्यांकन करें।

थीम वेब – विषय पर्यावरण



अध्याय–2

मॉनीटरिंग टूल्स

1. मॉनिटरिंग की अवधारणा – मॉनिटरिंग से तात्पर्य कक्षा अवलोकन से है। कक्षा में जो हो रहा है, उसे वैसा ही देखना, पहचानना, विवरण व विश्लेषण प्रस्तुत करना आदि मॉनिटरिंग के तत्व हैं। मॉनटिरिंग निरीक्षण नहीं है बल्कि यह एक फीडबैक लेने की प्रक्रिया है। साथ ही मॉनटरिंग सुधारात्मक दृष्टिकोण से होना चाहिए। जो प्रक्रिया चल रही है उसमें किन बिन्दुओं पर शिक्षकों, बच्चों को समस्या आ रही है। बच्चों को कहाँ सफलता नहीं मिल रही है। उन्हें चिन्हांकित कर विश्लेषण के आधार पर इन समस्याओं का समाधान देना चाहिए। जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता उन्हें उच्च स्तर पर अग्रेषित करना चाहिए। विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालना एवं समाधान प्रस्तुत करना आदि मॉनीटरिंग के अंग हैं।

2. एम.जी.एम.एल. मॉनिटरिंग क्यों– एम.जी.एम.एल. की प्रक्रिया को सतत जारी रखने एवं गति प्रदान करने के लिए व मार्ग दर्शन के लिए मॉनिटरिंग आवश्यक है। चूँकि यह नई प्रणाली है प्रत्येक चरण में छोटी–छोटी शिक्षण तकनीकों का उपयोग किया गया है। जिसे भली भांति समझना आवश्यक है। एम.जी.एम.एल. मॉनिटरिंग निम्न तत्वों के लिए आवश्यक है–

1. एम.जी.एम.एल. नई प्रणाली है इसलिए शिक्षकों को निरंतर मदद की आवश्यकता है।
2. प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए।
3. प्रक्रिया में आने वाली कमियों, समस्याओं को ढूँढ़ने के लिए।
4. प्रक्रिया में आने वाले कमियों का विश्लेषण करने के लिए।
5. कमियों का विश्लेषण के आधार पर निदान के लिए।
6. बच्चों/शाला की गुणवत्ता स्तर में सुधार करने के लिए।
7. शाला, संकुल, विकास खंड, जिला एवं राज्य के मध्य सूचना के प्रवाह का आदन–प्रदान के लिए।
8. शाला, संकुल विकास खंड, जिला व राज्य के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए।
9. कमियों का प्रत्येक स्तर पर समाधान करने के लिए।
10. विशेष कमियों को उच्च स्तर तक पहुँचाने एवं समाधान कर शाला तक पहुँचाने के लिए।
11. शिक्षकों की समझ विकसित करने के लिए।
12. राज्य स्तर पर विश्लेषण कर कमियों की पूर्ति के लिए।

3. सूचना तंत्र – शाला से मात्र कमियों का चिन्हांकन नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि कमियों एवं उपलब्धियों का विश्लेषण कर इसे शाला से संकुल, संकुल से विकास खंड, विकास खंड से जिला, जिला से राज्य तक पहुँचना आवश्यक है। लेकिन यह

सम्पूर्ण मॉनीटरिंग नहीं होगा। बल्कि उन कमियों का निराकरण कर वापस राज्स से शाला तक पहुँचना चाहिए, ऐसा नहीं होने पर प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण हो जाती है।

हमारा लक्ष्य है बालक का विकास, बालक के मस्तिष्क में आनंददायी ढंग से उद्देश्यों को स्थापित करना है। इस हेतु इनकी भूमिका को भली भांति समझना आवश्यक है। आइये निम्नलिखित चित्र का अध्ययन करें–



उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि बालक की मॉनिटरिंग हेतु सूचनाओं का बालक से राज्य तक पहुँचना व वापस राज्य से बालक तक पहुँचना है लेकिन प्रत्येक इकाई से सीधे बालक के साथ सूचना का अदान–प्रदान हो सकता है। यहाँ अपनी–अपनी भूमिका का निर्धारण करना होगा।

4. **समीक्षा बैठकः** मॉनीटरिंग के साथ–साथ बैठकों का आयोजन महत्वपूर्ण होता है। विभिन्न स्तर पर एम.जी.एम.एल. की बैठक आयोजित कर मॉनीटरिंग में किए गए विश्लेषण का प्रस्तुतीकरण कर अगले इकाई की कार्ययोजना का निर्धारण किया जाना चाहिए। निम्नलिखित चार्ट से विभिन्न इकाईयों की बैठकों की स्थिति स्पष्ट होती है।

क्र.	स्तर	भाग लेने वाले इकाई	समय दिवस	एजेंडा	कार्ययोजना
1.	शाला स्तर	जनभागीदारी समिति, समस्त शिक्षक		बच्चों,शिक्षक की कठिनाईयाँ जनभागदारी से सहयोग	जनभागीदारी से कठिनाईयों का निराकरण कैसे होगा।

2.	संकुल	MGMLशिक्षक / सी.ए.सी. / सी.आर.सी.		मॉनीटरिंग का विश्लेषण शिक्षकों की उपलब्धि कमियों पर चर्चा।	संकुलवार
3.	वि.ख.	C.A.C., C.R.C., B.R.C.			
4.	जिला	B.A.C.,B.R.C., D.P.C.			

5. विभिन्न इकाईयों के कर्त्तव्य

1. सी.ए.सी. / बी.आर.जी.

अ. प्रत्येक सी.ए.सी. अपने स्कूलों की सतत् मॉनीटरिंग करेंगे। मॉनीटरिंग के द्वारा वे शाला की उपलब्धियों एवं कमियों का चिह्नांकित करेंगे। कमियों का विश्लेषण कर उनका उपचार करेंगे।

ब. यदि किसी कमी का निदान उनके पास नहीं है अथवा किसी विद्यालय की विशेष उपलब्धि है, तो इनकी सूचनाएँ विकास खंड को प्रेषित करेंगे।

स. विकास खंड से प्राप्त हल या सूचनाओं को स्कूल तक पहुँचना है।

2. बी.ई.ओ., बी.आर.सी.–

अ. प्रत्येक संकुल से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर उपलब्धियों एवं कमियों को चिह्नांकित करेंगे। कमियों का विश्लेषण कर उसका उचित निदान करेंगे।

ब. किसी विद्यालय / संकुल की विशेष उपलब्धि है या कोई कमी है, जिनका निदान वे नहीं कर पाए हैं तो इन सूचनाओं को जिलों को प्रेषित करेंगे।

स. जिलों से प्राप्त सूचनाओं को संकुलों तक प्रेषित करेंगे।

द. स्कूलों में जाकर मॉनीटरिंग करेंगे।

3. डी.पी.सी., डी.ई.ओ. –

अ. विकास खंड से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर शाला की उपलब्धियों एवं कमियों को चिह्नांकित करेंगे।

ब. किसी विद्यालय / विकास खंड की विशेष उपलब्धि है या कोई कमी है जिसका निदान जिले में नहीं हो पा रहा है, उसे राज्य को प्रेषित करेंगे।

स. राज्य से प्राप्त सूचनाओं को विकास खंड को प्रेषित करेंगे।

द. स्कूल की मॉनीटरिंग करेंगे।

4. एस.सी.ई.आर.टी. –

अ. समस्त जिलों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करेंगे। जिला– विकास खंड–संकुल–स्कूल की उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही उनकी कमियों का

त्वरित निदान कर उन्हें भेजा जाएगा।

ब. राज्य में प्रसारित सभी सूचनाओं को जिलों में प्रसारित किया जाएगा।

स. सीधे ही स्कूलों की मॉनीटरिंग कर सकते हैं।

6. त्वरित निराकरण हेतु योजना

आवश्यक सूचना शीघ्र पहुँचाने एवं मॉनीटिरिंग हेतु कुछ टूल्स बनाए गए हैं–

1. **एजूसेट–** इसके माध्यम से राज्य सीधे ही शाला स्तर पर बातचीत करेंगे। शाला की सूचनाओं से संबंधित सीधे ही प्रश्नोत्तर करेंगे।
2. **राज्य में ऑन लाइन सेवा** उपलब्ध कराया जाने का प्रस्ताव है। जिसके माध्यम से शिक्षक द्वारा सीधे ही प्रश्न राज्य स्तर पर किया जायेगा। इस तरह प्रश्नों का संकलन कर सही निराकरण किया जायेगा।
3. **पत्रिका का प्रकाशन –** एम.जी.एम.एल. से संबंधित समस्त क्रियाकलापों उपलब्धियों, कमियों आदि का उल्लेख करने हेतु राज्य स्तर पर पत्रिका का प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके माध्यम से अपनी बात एक दूसरे तक पहुँचाया जा सकेगा।
4. **नवाचार –** नवाचार के माध्यम से शिक्षक एम. की प्रणाली को और अधिक गुणवत्त युक्त बनाए जा सकते है।

— अध्याय–3 —
मॉनिटरिंग की रणनीति

1. मॉनीटरिंग कैसे करें–

अवलोकनकर्ता सर्व प्रथम एम.जी.एम.एल. प्रणाली को भलीभांति समझ लें। चूंकि यह प्रणाली नवीन है। अतः प्रारंभिक चरणों में प्रक्रिया की शुरूआत से संबंधित मॉनीटरिंग पर ध्यान देंगे। इसके अंतर्गत कक्षा सजावट से लेकर समूह निर्माण की प्रक्रिया पर बारीकि से ध्यान दिया जायेगा। जिसे कक्षा में अनिवार्यतः लागू करने के लिए सघन मॉनीटरिंग अनिवार्य है। अतः इस चेकलिस्ट के माध्यम से प्रथम तीन माह इन्हीं प्रक्रिया पर मॉनीटरिंग होगी जिसके कक्षा की सजावट से लेकर ग्रुप निर्माण की प्रक्रिया तक बारीकी से ध्यान देना होगा –

जैसे –

- बच्चे किसी लोगो के गतिविधि को अपने समूह में बैठकर स्वतंत्रता पूर्वक, खुशनुमा माहौल में कार्य करते हैं। बच्चे शिक्षक के साथ सहज प्रश्न कर पाता है। कार्ड स्वयं रख व निकाल पाता है आदि।
- कक्षा का नियमित (मासिक) मॉनीटरिंग चेकलिस्ट एम.जी.एम.एल. प्रक्रिया पर कक्षा में संचालित गति विधि का मॉनीटरिंग किया जाना है। इसके अंतर्गत बच्चे अपने स्तर अनुसार अपने सीखने की गति के अनुसार सीखते है। इसके लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार मॉनीटरिंग होगा। इसमें मॉनीटरिंगकर्ता समूह में बैठे बच्चों का लोगो के अनुसार पूर्व की गतिविधि का आकंलन करेगा जिससे बच्चे की समझ, स्तर व गति व उपलब्धि के साथ–साथ कमियाँ भी चिन्हांकित होगा। विश्लेषण के आधार पर कमियों का शिक्षकों के साथ चर्चा व प्रदर्शन के साथ कक्षा में ही निदान करना होगा।
- मूल्यांकनकर्ता एम.जी.एम.एल. कक्ष में लगे मूल्यांकन पत्रक से 2 बच्चे शीघ्र सीखने वाले 2 सामान्य स्तर के तथा 2 बच्चे धीमे गति से सीखने वाले बच्चों का चयन करेंगे। उन बच्चों का अलग समूह बनाकर समस्त दक्षताओं को चेकलिस्ट के अनुसार मूल्यांकन लेंगे। मूल्यांकन करते समय जिस माइल स्टोन , लोगो में गतिविधि कर रहा है उसके पिछले माइल स्टोन, लोगो का मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन सम्पन्न करने के पश्चात् विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर बच्चे व शाला पर टिप्पणी लिखी जाएगी तथा सूचना शालावार संकुल का, संकुलवार विकास खण्ड का विकासखण्ड वार जिले का जिले वार राज्यपर संकलन पश्चात् विश्लेषण होगा तथा विश्लेषण निष्कर्ष के आधार पर कार्य योजना तैयार किया जावेगा।

2. प्रपत्रों का विवरण

प्रपत्र –1 समान्य प्रक्रिया

। समान्य प्रक्रिया चेकलिस्ट B समान्य प्रक्रिया वश्लेषण पत्रक

प्रपत्र –2

A भाषा का चेकलिस्ट

B भाषा का विश्लेषण पत्रक

प्रपत्र – 3

A गणित का चेकलिस्ट

B गणित का विश्लेषण पत्रक

प्रपत्र –4

A अंग्रेजी का चेकलिस्ट

B अंग्रेजी का विश्लेषण पत्रक

प्रपत्र –5

A पर्यावरण का चेकलिस्ट

B पर्यावरण का विश्लेषण पत्रक

प्रपत्र –6

A त्रैमासिक मूल्यांकन कक्षा – 1ली सम्पूर्ण विषय

B. त्रैमासिक मूल्यांकन कक्षा – 2री सम्पूर्ण विषय

प्रपत्र–7

A अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन कक्षा – 1ली सम्पूर्ण विषय

B अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन कक्षा – 2री सम्पूर्ण विषय

प्रपत्र–8

A वार्षिक मूल्यांकन कक्षा – 1ली सम्पूर्ण विषय

B वार्षिक मूल्यांकन कक्षा – 2री सम्पूर्ण विषय

प्रपत्र–9

C.A.C. द्वारा संकलित जानकारी

प्रपत्र–10

विकास खंड द्वारा संकलित जानकारी

प्रपत्र–11

जिला द्वारा संकलित जानकारी

प्रपत्र–12

मूल्यांकन विश्लेषण पत्रक

3.चेकलिस्ट– (1से 5)

प्रपत्र 1 (A) सामान्य प्रक्रिया के लिए है।

प्रपत्र 2 (A) भाषा विषय के लिए है।

प्रपत्र 3 (A) गणित विषय के लिए है।
प्रपत्र 4 (A) अंग्रेजी विषय के लिए है।
प्रपत्र 5 (A) पर्यावरण के लिए है।

उपयोग विधि –

अ. सर्वप्रथम मॉनीटरिंग कक्ष में जाकर मित्रतापूर्ण वातावरण बनाएंगे। उसके बाद चेकलिस्ट में दी गई दक्षताओं के अनुसार प्रत्येक समूह का अवलोकन करेंगे। अवलोकन अनुसार ही चेकलिस्ट में अपना अभिमत प्रकट करेंगे।

3. इसे भरने का तरीका इस प्रकार होगा –
   - बिल्ली लोगो के अंतर्गत 6 बच्चे हैं। इनमें से 4 बच्चे कविता को हावभाव से सुना पा रहे हैं। तो आपका चिह्न ( ) हाँ में लगेगा।
   - यदि 6 में से 2 ही बच्चे कविता में आए रंगीन शब्दों को बता रहे हैं। तो आपका चिह्न ( ) नहीं में लगेगा।
   - इसके अलावा भी मॉनीटिरिंग अपने विवेक से चेकलिस्ट को भर सकते हैं।

4. मॉनीटरिंग कक्षा में जिस विषय पर कार्य हो रहा है उसी विषय का अवलोकन करेंगे। यह भी जरूरी नहीं है कि एक ही समय में चेकलिस्ट के पूरे कॉलमों को भरा जाए। मॉनीटिरिंग अपनी सुविधानुसार किंतु सही–सही अवलोकन प्रपत्र को भरेंगे।

सामान्य प्रक्रिया हेतु चेकलिस्ट

अवलोकनकर्ता का नाम ..... पद ..... दिनांक .....
शाला का नाम ..... संकुल ..... वि.खं. .....
कक्षा 1+2 की दर्ज संख्या बालक .....बालिका ..... कुल .....
..... उप. संख्या .....

क्र.	प्रक्रियाएँ	हाँ/नहीं
1.	कीट/कार्ड उपलब्ध हैं।	
2.	सभी कार्ड ट्रे में रखे हुए हैं।	
3.	रैक की व्यवस्था है।	
4.	तार की जाली लगी है।	
5.	चटाई/दरी की व्यवस्था है।	
6.	बच्चे समूह में बैठते हैं।	
7.	बच्चे की ऊँचाई वाले श्यामपट्ट का उपयोग हो रहा है।	
8.	ट्रे में कार्ड लोगोवार रखा है अथवा नहीं।	
9.	लेडर/समूह थाली/मूल्यांकन पत्रक बच्चों की पहुँच में है।	
10.	बच्चे लेडर देखकर कार्ड निकालते व रखते है।	
11.	बच्चे अपने ही समूह में बैठकर गतिविधि करते है।	
11.	मूल्यांकन पत्रक भरा जा रहा है।	
12.	बच्चे कार्ड के अनुरूप गतिविधि कर रहे हैं।	
13.	कार्ड में दिए गए निर्देशों को पढ़कर गतिविधि कर पा रहे हैं।	
14.	बच्चों द्वारा निर्मित सामग्री मिट्टी, कागज, चित्र, मॉडल प्रदर्शित की जा रही है।	

क्र.	प्रक्रियाएँ	हाँ / नहीं
15.	तार से निकाली गई सामग्री का उपयोग हो पा रहा है।	
16.	वाल पेपर का प्रकाशन हो रहा है।	
17.	शिक्षक अवधारणा एवं मूल्यांकन समूह के साथ–साथ अन्य सभी समूहों का मार्गदर्शन करते है।	
18.	माताओं द्वारा कहानी सुनाई जाती है। उसके द्वारा सुनाई गई कहानी को कक्ष में लगाना होता है।	
19.	गाँव के कामगार शाला में आ कर अपने व्यवसाय की जानकारी देते है।	
20.	SMC, PTA, MTA, VEC की बैठकों में MGML पर चर्चा होती है।	
21.	MGML एडेप्ट्स के अनुसार शिक्षक अपनी शाला का स्वमूल्यांकन करते हैं।	
	शिक्षक द्वारा कोई नवाचार किया गया है।	
22.	समुदाय की सोच सकारात्मक है।	
23.	शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति नियमित है।	
	टीप :	

'अवलोकन प्रपत्र'

विषय– हिन्दी

कक्षा – (1से4)

